| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Uint-1-B | 2.5 | 1 |
| Unit-1-A | 10 | 4 |
| Unit-1-B | 22.5 | 9 |
| Unit-1-C | 40 | 10.5 |
| Unit-2-A | 10 | 7.25 |
| Unit-2-B | 25 | 8.5 |
| Unit-2-C | 30 | 12 |
| Unit-3-A | 20 | 7.75 |
| Unit-3-B | 20 | 0.25 |
| Unit-3-C | 20 | 8 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 68.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Sixty Eight+ ¼ |

PART - I

Paper Code

**P-1**

13818

Medium of Exam

HINDI

Hindi ●

English ○

ı of the candidate shall be
: will be liable-
ε, Address, Roll Number,

ions.
ाहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
ोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
ा निरस्त की जाकर भविष्य में

ıer of pages) then bring it
· that.
से बदलवा लें, अन्यथा उसका

ıint Pen before answering.
Sheet (OMR sheet).
भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

ls have to be filled by the

ं कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

are indicated in each unit

ं भाग में अंकित हैं।
sions of the question, the

ान्य होगा।
ınd script, unless directed

ाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

not write answer outside

त्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

ıcted.

...st answer will be assessed.
दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
o be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
pplicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

ा उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**ोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की
ाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

lidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
: examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

श्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
र्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है) । कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है ।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें । कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं ।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है । ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं ।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें । बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा ।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा ।


(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।



SPACE FOR ROUGH WORK

RANK-23rd & 34th
RANK-23rd & 34th

# PAPER-I : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

## Unit – I (75 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. Who were the Dyodhidars ?

   ड्योढ़ीदार किन्हें कहा जाता था ?

- मध्यकालीन राजस्थान में दरवाजे के रक्षक (ड्योढ़ी) को ड्योढ़ीदार कहा जाता था।
- इसे प्रतिहार, द्वारपाल आदि नामों से अन्य स्थानों पर जाना जाता था।

0.25(Zero¼)
(Q.01)

2. Name any two dialects counted under Middle-Eastern Rajasthani or Dhundhadi.

   मध्य-पूर्वी राजस्थानी अथवा ढूँढाड़ी के अन्तर्गत सम्मिलित किन्हीं दो बोलियों के नाम लिखिए।

ढूंढाड़ी →
- हाड़ौती - ~~हाड़ौती~~ पठार क्षेत्र
- काठेड़ी - जयपुर के दक्षिण भाग में।
- नागरचोल - सवाईमाधोपुर व टोंक (पश्चिम)

1(One)
(Q.02)

0.75(Zero¾)
(Q.02)

3. How were Buddhism and Jainism different from the religion of Samhitas ? Underline two main differences.

बौद्ध और जैन मत संहिताओं में वर्णित धर्म से किस प्रकार भिन्न थे ? दो मुख्य भिन्नताओं को रेखांकित कीजिए।

① अनीश्वरवादी - ईश्वर में विश्वास नहीं।

② नास्तिक - वेदों की सर्वोच्चता स्वीकार नहीं करते थे।

③ यज्ञ, कर्मकाण्ड आदि का विरोध

1.25(One¼)
(Q.03)

4. What is Tin-Kthiya ?

तिन-कथिया क्या है ?

→ ब्रिटिशकालीन भारत मुख्यतः बिहार (चम्पारन आदि) में प्रचलित प्रथा नियम, जिसके द्वारा किसानों को 3/20 भूमि पर नील की खेती करना अनिवार्य था

→ अहमदाबाद चम्पारन आंदोलन (गाँधीजी) द्वारा इसका विरोध। का मुख्य कारण यही प्रथा थी।

0.75(Zero¾)
(Q.04)

5. Explain Universal Priesthood.

सार्वभौमिक पौरोहित्य का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

→ यह अवधारणा, इसाई मिशनरिज द्वारा उपनिवेशवाद के एक उपकरण के रूप में प्रयोग की गई, जिसके तहत सम्पूर्ण विश्व में केवल ईसाई धर्म ही सर्वोच्च तथा सर्वश्रेष्ठ है।

×

0 (Zero)
(Q.05)

**Unit – I/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Explain the following terms related to Rajasthani Literature :
   (1) Vat
   (2) Vachnika

   राजस्थानी साहित्य से सम्बन्धित निम्नलिखित पदों की व्याख्या कीजिए :
   (1) वात
   (2) वचनिका

① वात – राजस्थानी साहित्य में किसी घटना के बारे में बताने किसी कहानी को बताने हेतु इनकी रचना की जाती थी। शाब्दिक वात अर्थात् कहानी। यह कहानियाँ व्यक्ति के जीवन की शैक्षिक, प्रेरक तथा अनुभव आधारित हो सकती थी।
उदा.– सोनगरा री वात, कबीर री वात

1(One) (Q.06(i))

② वचनिका – किसी अर्थात् इतिहास। किसी शासक के जीवन का सतत व निर्बाध विवरण वचनिका में मिलता है। राजकीय संरक्षण प्राप्त लेखकों द्वारा रचित।
उदाहरण – महेश दासोत री वचनिका
वचनिका रतनसिंह राठौड़ की

1(One) (Q.06(ii))

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. Critically evaluate the attitude of the Jaipur Praja Mandal towards Quit India Movement.
भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रति जयपुर प्रजामण्डल के दृष्टिकोण का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये ।

जयपुर प्रजामण्डल के सदस्यों (हीरालालशास्त्री) तथा जयपुर PM मिर्जा इस्माइल के मध्य सम्पन्न जेंटलमेन एग्रीमेंट ने प्रजामण्डल को दो धड़ों में बाँट दिया, जहाँ प्रजामण्डल कमजोर हुआ, सदस्यों में मतभेद हुआ, क्रांतिकारियों की शक्ति का क्षय हुआ, सामान्य जनता का प्रजामण्डल से विश्वास उठा। दौलतमल भण्डारी आदि के नेतृत्व में आजाद मोर्चा ने एग्रीमेंट का खुला विरोध किया जिससे कालांतर में जवाहरलाल नेहरू ने समझौता करवाया। प्रजामण्डल के इन दोनों विचारधाराओं ने भारतवर्ष का ध्यान खींचा तथा जागरूकता व स्वतंत्रता की भावना का प्रसार किया। अतः इस प्रजामण्डल का दृष्टिकोण तत्कालीन समय की आवश्यकता था।

2.5(Two½)
(Q.07)

8. Explain the socio-religious significance of Naynar and Alwar bhakti saints.
नयनार और अलवार भक्ति संतों के सामाजिक-धार्मिक महत्त्व को व्याख्यायित कीजिए ।

नयनार संत (शिव उपासक) तथा अलवार (विष्णु उपासक) का महत्व –
(1) सामाजिक (1) भक्ति की सरल व्याख्या दी। (2) सामाजिक रूग्णता को समाप्त किया (3) विभिन्न भेदभावों (जातिवाद, अस्पृश्यता आदि) का विरोध (4) साहित्यिक रचनाएँ – तेवरम् (नायनार संत) (5) राजकीय संरक्षण अस्वीकार (तुकाराम संत) (5) महिला संत – अण्डाल (दक्षिण भारत की मीरा) (6) राजा ने संरक्षण दिया – कुलशेखर
(2) धार्मिक महत्व (1) भक्ति को निर्गुण ? भाव से सम्पन्न करने पर बल, धार्मिक आडम्बर, कर्मकाण्ड, जटिल यज्ञ आदि का विरोध।
(3) विष्णु व शिव की सरल भक्ति व उपासना पर बल दिया।
(4) धार्मिक रचनाओं व स्थापत्य ने सामाजिक-धार्मिक क्षितिज का विकास किया।

1.5(One½)
(Q.08)

9. The Razakars were the main obstacles to the accession of Hyderabad into Indian Union. Explain.
हैदराबाद के भारतीय संघ में विलय के मार्ग में रज़ाकार प्रमुख बाधा थे । स्पष्ट कीजिये ।

परिचय- तीन स्वतंत्र मुस्लिम रियासतों में से एक। शासक व प्रजा मुस्लिम, शासक नवाब पाकिस्तान में विलय चाहता था। मुख्य भाग रजाकार पाकिस्तान में विलय चाहते थे अन्यथा स्वतंत्र शीर्षक। हैदराबाद में दंगों के कारण उत्पन्न समस्या तथा भारतीय क्षेत्र में हैदराबाद के स्वतंत्र रहने से उत्पन्न समस्याओं को सोचकर, पटेल के दूरदर्शी सोच से भारत ने ऑपरेशन पोलो द्वारा हैदराबाद रियासत का विलय भारत संघ में किया।

बाधाएँ रजाकार - मतभेद उत्पन्न किया, जनता को बहलाना भड़काना भारतीय कार्यवाही का विरोध, व्यापक नरसंहार आदि।

2(Two) (Q.09)

10. How did the two World Wars enhance the political and economic participation of European women ?
दो विश्व युद्धों के कारण राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्र में यूरोपीय स्त्रियों की भागीदारी किस प्रकार से बढ़ी ?

① राजनीतिक क्षेत्र - व्यापक नरसंहार, जनसंख्या में तीव्र गिरावट, महिलाओं पर सम्पूर्ण कार्यभार आना आदि कारणों से वे घर से बाहर निकली, अपने अधिकारों की माँग की (रूसी क्रांति, नारीवादी आंदोलन) राजनीतिक पदों पर इनकी भूमिका बढ़ी। द्वितीय विश्वयुद्ध पश्चात् केन्द्र सरकारों में भी उनकी भूमिका का विस्तार हुआ।

1.5(One½) (Q.10)

② आर्थिक क्षेत्र - महिलाएँ उद्योगों में काम करने लगी, स्थानीय हस्त-कला का मुख्य आधार बनी। अपने अधिकारों की माँग की तथा स्वतंत्र उद्योगों की स्थापना की। पुरुष मानसिकता को तोड़कर वे बड़े उद्योगों के स्थापना, संचालन, वृद्धि तथा प्रसार का मुख्य स्तम्भ बनी। इस प्रकार, इन युद्धों ने महिलाओं की स्थिति बदली

0.5(Zero½) (Q.10)

Unit – I/Part – C

Marks : 40

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

11. Give a brief account of Sun temples of Rajasthan.

राजस्थान के सूर्य मन्दिरों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

भूमिका – राजस्थान में सूर्य की उपासना तथा इनके प्रति आस्था का लम्बा इतिहास रहा है। मेवाड़ (हिन्दुआ सूरज), मारवाड़ व बीकानेर शासक स्वयं को सूर्य से सम्बन्धित मानते थे (मेहरानगढ़ – सूर्य नामक) मंदिर स्थापत्य – राजस्थान में अधिकांश सूर्य मंदिर प्राचीन व मध्यकालीन हैं, जो भूमिज, नागर, महामारू तथा गुर्जर प्रतिहार शैली में बने हैं।

प्रमुख मंदिर

1. चारभुजानाथ मंदिर – झालावाड़ में स्थित, कर्नल टॉड ने इसे चारभुजानाथ मंदिर कहा।
2. कच्छपात / कच्छपताप मंदिर
3. कालीका माता मंदिर – उदयपुर में स्थित सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है। मेवाड़ शासकों के सानिध्य में इसका विकास हुआ। नागर शैली की आंशिक विशेषताओं सहित महामारू शैली निर्मित।
4. ओसियां के सूर्य मंदिर – ओसियां (जोधपुर) में स्थित, गुर्जर प्रतिहार शैली में निर्मित मंदिर समूह जो भगवान सूर्य देव को समर्पित है। यह मंदिर समूह, अलंकरण,

ऊँचे चबूतरे, वृहद् आकार तथा मूर्तियों हेतु प्रसिद्ध है।

(5) गलता जी - जयपुर (मंकी वैली) में स्थापित सूर्य मंदिर जो अपनी सुंदरता तथा मनोहारी प्राकृतिक वन्यजीवन व वन वातावरण के कारण श्रद्धालुओं का मुख्य स्थान है।

(6) सूर्य मंदिर - जयपुर, अरावली की जयपुर शाखा में स्थित। माघ महिने में यहाँ भानु सप्तमी को मेला भरता है।

1.5(One½)
(Q.11)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Continuity of culture is a unique feature of Indian civilization, which is unparalleled in world civilizations. Explain.
विश्व की संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति की निरन्तरता एक अनन्य विशिष्टता है। व्याख्या कीजिए।

सिंधु घाटी की 'नृतक मूर्ति' से लेकर कान्स फिल्म फेस्टिवल में बतुल बेगम की प्रस्तुति, भारतीय संस्कृति की निरन्तरता तथा अनन्यता की परिचायक है, जिसे इस प्रकार समझ सकते हैं-

| प्रमुख सांस्कृतिक घटक | उदाहरण |
|---|---|
| ① परम्परा- एआर देसाई ने संकल्पना दी तथा परम्परा के मूल तत्वों की व्याख्या की × रीति-रिवाज, पहनावा, खानपान आदि। | ① लोकजीवन में आदरसत्कार ② खानपान-विविधता, स्वाद, प्रकृति प्रेम, शाकाहार |
| ② निरंतरता- सिंधु सभ्यता के योग, नृत्य आदि से लेकर बौद्ध धर्म, जैन धर्म की सीखें, मौर्य काल, गुप्तकाल, गुप्तोत्तर तथा दक्षिण भारतीय संस्कृति का समावेशन | ③ स्थापत्य- मौर्य स्तंभ, अजंता गुफाएँ, एलोरा, चित्रकला ② लोकनृत्य, लोकसंगीत [ शास्त्रीय नाट्य ध्रुपद गायकी, तराना आदि |
| ③ लोकजीवन— पहनावा- मुख्य विशेषता रही है। | |
| ④ त्योहार व उत्सव- लोगों का मिलना, धर्म व संस्कृति प्रसार होता है, परम्परा का स्थानान्तरण व संवर्द्धन | ① भील आदिवासी- कोटेश्वर धाम ② ओणम आदि। |
| ⑤ भाषा- भाषा व व्यवहार में भारतीय संस्कृति अनन्य है। व्यापक क्षेत्र, जनसमूह के कारण सर्वाधिक विविधता | ① कन्नड़, तेलुगु, तमिल ② भीली बोली, निमाड़ी आदि। ③ आदिवासी समूह की भाषाएँ |
| ⑥ धार्मिक व्यवहार- धार्मिक रीतियाँ, पूजा पाठ, विश्वास आदि। | ① टोटम ② निर्गुण व सगुण भक्ति। |

इस प्रकार, इतिहास के पन्नों में भारतीय संस्कृति उतनी ही समृद्ध है जितनी वर्तमान में है तथा वैश्विक भौतिकतावाद आदि प्रभावों से निरंतर तटस्थ व विमुख है।

3(Three)
(Q.12)

13. Mauryan pillar are of indigenous origin. Explain.
मौर्य स्तम्भ देशज मूल के हैं । व्याख्या कीजिए ।

भारत में मौर्य काल से पूर्व भी स्तम्भ निर्माण शुरू हो चुके थे, परंतु ये मौर्यकालीन स्तम्भ पाषाण निर्मित, अधिक सुंदर व अलंकृत है। इस कारण, इनकी अलग पहचान है। इन स्तम्भों के सम्बन्ध में कई इतिहासकार ~~जैसे~~ इन्हें ईरानी शासकों की नकल मानते है, परंतु मौर्य स्तम्भ देशज मूल के है, जिन्हें निम्न आधारों पर समझा जा सकता है-

① निर्माण - मौर्य स्तम्भ एकाश्मक पत्थर निर्मित है, वहीं ईरानी स्तम्भ अलग-अलग पत्थर जोड़कर बनाए गए है।

② मूलभाग - स्तम्भ मुख्यत: 3 से 4 भाग में विभाजित थे। उदाहरण - मूठ (जमीन में धँसा भाग), आधार तथा अवांगमुखी कमल। (सारनाथ स्तम्भ)

③ अलंकरण - मौर्य स्थापत्य की ~~मु~~ मुख्य विशेषता अलंकरण तथा पॉलिशदार स्तम्भ निर्माण है, जो रामपुरवा, सारनाथ आदि स्तम्भों पर देखी जा सकती है। साथ ही, कमल, हाथी, बाघ, गेंड़ा आदि जीवों का सुंदर चित्रण भी इन स्तम्भों पर मिलता है।

④ ईरानी स्तम्भों के बजाय, मौर्य स्तम्भ महलों से पृथक अस्तित्व रखते थे तथा इनका सम्बन्ध स्वतंत्र होता है। (सारनाथ स्तम्भ)

⑤ प्रभाव - मुख्यत: सामाजिक सीख, सांस्कृतिक व धार्मिक जीवन की सीखें (रूम्मिनदेई, सारनाथ आदि), बौद्ध धर्म का प्रसार, धम्मनीति का वर्णन, लोकजीवन को निर्देशित करने हेतु इनका उपयोग किया गया।

⑥ इन स्तम्भों से मौर्य काल की सामाजिक, आर्थिक सम्पन्नता तथा अशोक आदि के अस्तित्व की जानकारी भी मिलती है।

अत: निस्संदेह मौर्य स्तम्भ, मौर्य शासकों की अनन्य विशेषताओं तथा सांस्कृतिक प्रेम की द्योतक है।

1(One)
(Q.13)

14. European industrial revolution finally gave rise to New Imperialism. Explain.

यूरोपीय औद्योगिक क्रांति ने अन्ततः नव साम्राज्यवाद को जन्म दिया। वर्णन कीजिए।

1750 ईस्वी पश्चात् कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल बदलावों ने औद्योगिक क्रांति का रूप धारण किया, जिसने निम्नलिखित रूप में नवसाम्राज्यवाद को जन्म दिया।

5(Five)
(Q.14)

① पृष्ठभूमि – ब्रिटेन की उपनिवेशों की नीति ने अन्य राष्ट्रों (फ्रांस, जर्मनी आदि) को प्रेरित किया, 1870 के सेडान युद्ध पश्चात् फ्रांस इस दौड़ में शामिल हो गया जिसने नवसाम्राज्यवाद की नींव रखी। जर्मनी तथा जापान की सम्पन्नता ने भी नवसाम्राज्यवाद रूपी नवीन अध्याय शुरू कर दिया।

② कारण ① आर्थिक कारण – फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी आदि ने कच्चे माल, श्रमिक तथा बाजार की तलाश में अफ्रीका व एशिया को निशाना बनाया। विनियोजित पूँजी की सुरक्षा भी एक कारण बना। ② राजनीतिक कारण – मुख्य घटक बना, फ्रांस, जर्मनी, जापान, अमेरिका आदि ने राजनीतिक बढ़त बनाने हेतु साम्राज्यवाद का विस्तार किया। ③ भौगोलिक खोजें तथा आविष्कार – ईसाई मशीनरियों यथा डेविड लिविंगस्टोन आदि ने अफ्रीका के स्थानों की खोज की। औद्योगिक क्रांति के कारण सड़क (मैकेडमाइज्ड विधि), रेल, तार, मुद्रण (गुटेनबर्ग) आदि ने इस प्रक्रिया को तीव्र कर दिया। ④ तुर्की की भूमिका – एशिया व अफ्रीका से जुड़ाव के प्रयास में तुर्की से रेलवे लाइन, आवागमन ने पश्चिमी व पूर्वी देशों के दो विरोधी समूह बना दिए। ⑤ जापान – अठारहवीं व उन्नीसवीं सदी में जापानी अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण ने चीन, कोरिया, सिंगापुर आदि क्षेत्रों को उसका उपनिवेश बना दिया। ⑥ स्टीम इंजन, मलेरिया की दवा की खोज, मशीन गनों तथा तीव्र गति वाले नौवहन तंत्र तथा सैन्य विकास ने भी इस प्रक्रिया को तीव्र बना दिया।

Unit – II (65 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

15. What comprises non-tax revenue of the Central Government ?

केन्द्रीय सरकार के गैर–कर राजस्व में क्या समाविष्ट होता है ?

① ब्याज प्राप्ति
② अनुदान
③ सार्वजनिक क्षेत्रक संगठनों (PSUs) से प्राप्त लाभ
④ जुर्माना व अन्य वसूलियाँ।

0.75(Zero¾)
(Q.15)

16. Write the name of the three economic railway corridors, which were announced in the interim budget for 2024-25 under the P.M. Gati Shakti Framework.

उन तीन आर्थिक रेलवे गलियारों के नाम लिखिए जिन्हें प्रधानमन्त्री गतिशक्ति ढाँचे के अन्तर्गत 2024-25 के अन्तरिम बजट में घोषित किया गया।

① ऊर्जा, सीमेंट गलियारा
② पत्तन विकास गलियारा
③ अधिक भार वाले गलियारे

2(Two)
(Q.16)

17. What is the inflation targeting framework of Reserve Bank of India ?

भारतीय रिज़र्व बैंक का मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचा क्या है ?

उर्जित पटेल समिति (4±2%) की अनुपालना हेतु रेपोरेट, रिवर्स रेपो रेट आदि के माध्यम से मुद्रास्फीति को लक्षित स्तर तक रखना।

ढाँचा
1. मौद्रिक – रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट, SLR, CRR, LTRO
2. गुणात्मक – मार्जिन आवश्यकता, क्रेडिट राशनिंग, उपभोक्ता साख नियंत्रण, नैतिक दबाव, प्रत्यक्ष कार्यवाही

2(Two)
(Q.17)

18. Why Gyan Sankalp Portal has been established by Government of Rajasthan ?

राजस्थान सरकार के द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल को क्यों स्थापित किया गया है ?

- राज्य के भामाशाहों (व्यक्तिगत, NGO, CSR आदि) को सीधे स्वैच्छिक इच्छित स्कूल में अपने मौद्रिक सहयोग को स्थानान्तरित करने, मध्यस्थ भूमिका कम करने, तीव्र अनुपालन व प्रक्रिया कम करने हेतु स्थापित एक एकीकृत पोर्टल है।

1.5(One½)
(Q.18)

19. What is the main objective of Rajasthan Janani Shishu Suraksha Yojana ?

राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

① स्वास्थ्य सुधार – संस्थागत प्रसव को बढ़ाना, मातृमृत्यु दर तथा शिशु मृत्युदर में सुधार (वर्तमान - MMR -113) ।
② स्वच्छता तथा जागरूकता ③ सतत व स्पष्ट प्रसव संबंधी क्रियाओं को सम्पन्न करना ④ ग्राम स्तर तक महिलाओं की सुरक्षा (जनन, गर्भधारण आदि)

1(One)
(Q.19)

Unit – II /Part – B

Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

20. What are the main objectives of Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana ?
प्रधानमन्त्री किसान सम्पंदा योजना के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

परिचय - दलवई समिति की सिफारिशों के अन्तर्गत किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से फरवरी, 2019 में केन्द्रीय स्तर योजना।

उद्देश्य - ① किसानों की आय वृद्धि (6 हजार रुपये, प्रतिवर्ष) ② गैर कृषि जरूरतों हेतु उपयोग ③ संगठनिक वित्तीय ढांचे का विकास करना ④ किसानों को कृषि जोखिम से बचाना। ⑤ DBT के माध्यम से वित्तीय समावेशन (लगभग 11.8 करोड़ किसानों को योजना के तहत वित्तीय सहायता दी गई है।) ⑥ राज्य सरकारों को प्रेरणा (राजस्थान - CM किसान सम्पदा योजना, 8000 रु. प्रतिवर्ष) ⑦ कृषक सशक्तीकरण ⑧ साहूकार व बिचौलियों के प्रभाव से बचाना ⑨ लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा ⑩ सबका साथ, सबका विकास

0 (Zero)
(Q.20)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें

Paper-I



21. What are the functions of Bureau of Investment Promotion in Rajasthan ?

राजस्थान में निवेश संवर्धन ब्यूरो के क्या कार्य हैं ?

| | |
|---|---|
| परिचय | 1991 में राज्य में निवेशकों के लिए सहमति आदि कार्यों हेतु स्थापित। अध्यक्षता- मुख्यमंत्री, राजस्थान। |
| कार्य | ① निवेश संवर्द्धन- निवेशकों को एकमंच पर सभी सहमतियाँ, शुल्क, रियायतें, ~~विभागियाँ~~ विभागीय अनुमतियाँ प्रदान करना ② समन्वय- विभाग व निवेशक के मध्य ③ अनुमति- ब्यूरो सभी आवश्यक अनुमतियाँ निवेशक को उपलब्धता करवाता है। ④ आकर्षण- निवेशकों को निवेश हेतु ~~आर्थिक~~ आकर्षक सुविधाएँ उपलब्ध करवाना। |
| महत्व | ① सौर ऊर्जा ② ऑटोमोबाइल ③ खनिज ④ ई-व्हीकल। |

1(One)
(Q.21)

22. What are the objectives of 'SVAMITVA' Scheme in India ?

भारत में 'स्वामित्व' योजना के उद्देश्य क्या हैं ?

परिचय- ग्रामीण पंचायतीराज मंत्रालय के तथा अन्य मंत्रालयों के सम्बन्ध में, ग्रामीण स्तर पर भूमि विवादों को समाप्त कर भूमि का सीमांकन करना, हदबंदी तथा चकबंदी, डिजिटल डेटाबेस बनाना (अपना-खाता पोर्टल, स्वामित्व पोर्टल आदि), कृषक व भूमिधारकों को भूमि सम्बन्धित अधिकार प्रदान करना, भूमि विवादों की समाप्ति से कृषि व निवेश संवर्द्धन आदि राजकीय भू-अभिलेखों को अपडेट करना तथा डिजिटलीकरण करना, भू-सम्बन्धित तकनीकों के प्रसार आदि उद्देश्य से देश के 7 राज्यों (राजस्थान भी) में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भूमि का ड्रोन सर्वे करवाना तथा एकीकृत डेटाबेस बनाने हेतु यह योजना शुरू की गई है। (शेष राज्यों में भी शीघ्र लागू)

3(Three)
(Q.22)

23. What are the targets of National Logistics Policy of India ?
भारत की राष्ट्रीय रसद नीति के लक्ष्य क्या हैं ?

परिचय- लगभग 102 लाख करोड़ की वित्तीय सहायता के साथ शुरू केन्द्रीय स्तर की महत्त्वाकांक्षी परियोजना, जिसके लक्ष्य -
① अवसंरचना - सड़क (भारतमाला), रेलमार्ग, वायु, समुद्रीय परिवहन (सागरमाला) आदि क्षेत्रों का विकास कर लॉजिस्टिक खर्च को कम करना। ② देश में लॉजिस्टिक क्षेत्र को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के स्तर पर लाना। ③ त्वरीत व सतत लॉजिस्टिक सेवा का विकास ④ 2030 तक विश्व की अन्य प्रमुख रसद प्रणालियों की बराबरी करना ⑤ माल खराबी, देर से डिलीवरी, समय मूल्य में गिरावट आदि का युक्तिपूर्ण समाधान निकालना ⑥ राज्यों को प्रोत्साहित करना तथा ⑦ निजी क्षेत्र को शामिल करना, PPP मोड (BOT, DPBOT आदि)

2 (Two) (Q.23)

24. Describe the main recommendations of Sixth State Finance Commission of Rajasthan.
राजस्थान के छठवें राज्य वित्त आयोग की मुख्य सिफारिशों का वर्णन कीजिये।

परिचय - अध्यक्षता - प्रद्युम्न सिंह सदस्य अशोक लाहोटी + L
सिफारिशें - ① राज्य व स्थानीय स्वशासन के मध्य → 6.75% कर विभाजन
② पंचायतीराज हेतु - 74.90% ③ शहरी निकाय - ?

① ग्राम पंचायत ② पंचायत समिति ③ जिला परिषद्
75% 20% 5%

विविध - 55% खर्च - विकास कार्यों हेतु आवश्यक रूप से।
② वित्तीय व राजकोषीय सुधार का प्रयास करना।
③ वित्त का सटीक व सदुपयोग ④ इष्टतम परिणाम.

2.5 (Two½) (Q.24) ?

Unit – II / Part – C Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

25. Discuss the salient features of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in India.

भारत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिये ।

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ के स्लोगन से शुरू, केन्द्रीय स्तर की एक महत्वाकांक्षी योजना जो सम्पूर्ण भारत में लागू है। विवरण –

① लक्ष्यीकरण – सभी किसान, शामिल जोखिम – गैर रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाएं (* टिड्डी हमले को भी शामिल किया गया था)

② प्रसार – बुवाई से पूर्व से लेकर कटाई के बाद तक के जोखिम

③ तकनीकी समावेशन → आपदा पश्चात् भूमि की घटना रिपोर्ट हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग, एकीकृत पोर्टल।

④ लाभार्थी → प्रत्येक किसान जो नाममात्र का प्रीमियम, SBI के माध्यम से चुकाता है। प्रीमियम – रबीफसल के लिए 1.5%, खरीफ (2%) तथा बागवानी (5%) प्रीमियम। राज्यों के सहयोग व समावेशन हेतु → केन्द्र:राज्य 60:40, पूर्वीराज्य 90:10 में अंशदान

⑤ प्रक्रिया – प्रीमियम पश्चात् प्रत्येक वर्ष किसान, अपनी फसल की बर्बादी की सूचना व सत्यता द्वारा योजनागत लाभ प्राप्त कर सकता है।

⑥ उद्देश्य ① किसानों को आपदागत नुकसान से बचाना। ② फसल की सुरक्षा ③ फसल की देखरेख ④ डिजिटलीकरण ⑤ सरकारी मशीनरी को जवाबदेही बनाना। ⑥ जनजागरूकता ⑦ कृषि अवसंरचना (मण्डी, परिवहन) को अन्तर्सम्बन्धित बनाना।

⑧ वित्तीय समावेशन ⑨ राज्यों को भागीदार बनाना।

उल्लेखनीय है कि देश में कृषिगत नुकसानों (बाढ़, अकाल, सूखा
टिड्डी हमला आदि) के कारण अर्थव्यवस्था को नुकसान
होता है। GDP के लगभग 18% भागीदार तथा राजस्थान की
GSDP के मुख्य भागीदारी (27% अधिक) के रूप में, कृषि
फसल को बचाने हेतु यह अत्यंत आवश्यक योजना है।

6(Six)
(Q.25)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Discuss in brief India's updated Nationally Determined Contribution (NDC) submitted to the United Nations Framework Convention to Climate Change (UNFCCC).
जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अद्यतित योगदान पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।

पर्यावरण व जलवायु संरक्षण में एक अग्रणी भागीदार के रूप में भारत ने UNFCC, IPCC, UNCCD, REDD+, CITES की अनुसमर्थन (2022) तथा CBD आदि संगठनों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता पर दर्शायी है। इस सम्बन्ध में - भारत द्वारा प्रस्तुत NDC की विशेषताएँ व योगदान -

(1) लक्ष्यीकरण - भारत पेरिस समझौते की अनुपालना (1.5° ↓) में प्रतिबद्ध है। भारत कार्बन उत्सर्जन को 30% तक करने हेतु प्रतिबद्ध है। (लक्ष्य) - पर्यावरण, वन्यजीव, वन तथा जलवायु।

(2) योगदान - राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क योजना द्वारा 8 प्रमुख उपयोजनाओं की शुरुआत। उदाहरण - (1) हिमालय पारितंत्र संरक्षण (2) राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण (4) नेचुरल हैबिटाट संरक्षण (5) सतत विकास आदि।

(3) नीतियाँ - ई-अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक प्रबंधन

(4) भागीदारी - भारत विश्व की 17 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है परंतु कार्बन उत्सर्जन में योगदान केवल 7% है। UNFCC COP-26 में ग्लासगो ब्रेकथ्रू तथा पंचामृत सिद्धान्त, COP-28 में - LIFE (पर्यावरण हेतु जीवन) संकल्पना की सिफारिश की है।

(5) कार्बन उत्सर्जन - भारत 2070 तक कार्बन न्यूट्रल देश बनेगा
* कार्बन क्रेडिट सिस्टम में आम लोगों को भी शामिल करना
* अर्थव्यवस्था में 500 GW तक अक्षय ऊर्जा का उपयोग।
* HFC व CFC पर पूर्णतः प्रतिबंध * राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन

(6) समावेशन - अल्टेरा - यूएई व भारत, अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

(7) योजनाएँ - अमृत धरोहर, पशुधन अभ्यारण्य (हरित विकास) → MISHTI योजना (मैंग्रोव विकास), आर्द्रभूमि संरक्षण PM-प्रणाम, 2018 तक बाघों की संख्या दुगुनी की।

4(Four)
(Q.26)

27. Write a short note on Rajasthan Water Sector Livelihood Improvement Project (RWSLIP).

राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

'मरुधरा' की प्रमुख समस्याओं में से एक 'जल' के समाधान व अपेक्षित सुधारों हेतु, राज्य सरकार तथा जापानी कंपनी ~~JAY आमकृ~~ (JICA) के द्वारा शुरु की गई बाह्य सहायता योजना है-

① सहायता - यह योजना तकनीक तथा लक्ष्मीकरण हेतु जीका द्वारा प्रायोजित है। ② लक्ष्य - राज्य के जलीय क्षेत्रों का विकास, पेयजल व सिंचाई सुविधा का विकास करना, मरुस्थली क्षेत्रों में जलीय प्रदूषण व अल्पता का समाधान करना, राज्य की प्रमुख समस्या के रूप में व्याप्त जलीय प्रदूषण (बाड़मेर, लूणी, बाँडी नदी, सांगानेर - रंगाई - छपाई), मृदा के निमीकरण आदि में सुधार करना।

③ शामिल घटक - इस परियोजना में राज्य के पश्चिमी जिलों को शामिल किया गया है, जो निम्न भूजल स्तर (भूजल सर्वेक्षण अनुसार, जलदोलन का प्रतिशत - 150 है), धरातलीय स्रोतों के प्रदूषण (खड़ीन, टोबा, नाडा आदि) तथा जल की ~~अश~~ अशुद्धताओं (यथा - फ्लोराइड, लवणीयता आदि) को कम करना।

④ लाभार्थी - जल वर्तमान समय का सर्वाधिक विकट विषय बन चुका है। अतः आमजन, उद्योग, कृषि व पशुपालन सम्बन्धित सभी घटक इससे लाभान्वित होंगे।

⑤ समावेशन - यह योजना स्थानीय जनसंख्या, नरेगा तथा अन्य संगठनों को भी इस मुहिम में भागीदार बनाती है।

अतः उपर्युक्त परियोजना, निस्संदेह राज्य के ~~क~~ जल संकट का एक व्यापक समाधान प्रस्तुत करेगी।

2(Two)
(Q.27)

Unit – III (Section – A) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

28. What do you mean by Westoxication ?
वेस्टोक्सीकेशन से आपका क्या अभिप्राय है ?

0 (Zero) (Q.28)

* भूमण्डलीकृत विश्व में, पाश्चात्य जीवन का अंधानुकरण वर्तमान समाज में उसके मूल्यों, परम्पराओं तथा जीवन शैली को विष के समान दुष्प्रभावित करता है, यही अवधारणा वैस्टोक्सीकेशन
* उदाहरण- मादक पदार्थ, धन द्वारा भौतिकाचार का प्रसारण।

29. Mention the forms of Cultural Flow discussed by Arjun Appadurai regarding Global Society.
अर्जुन अप्पादुरई द्वारा वैश्विक समाज के संदर्भ में उल्लेखित सांस्कृतिक प्रवाह के स्वरूपों का उल्लेख कीजिए।

① सांस्कृतिक परिवेश का प्रवाह ② सांस्कृतिक जीवन का प्रवाह
③ खानपान -वेशभूषा, आदि ④ अनियोजित अनुसरण
⑤ व्यापक (व्यक्तिगत व सामूहिक) प्रभाव
⑥ विचार, भाव व संदेशों का प्रसारण आदि।

0.25(Zero¼) (Q.29)

30. Casual Employment

अनियत रोज़गार

→ वह रोजगार जो कभी-कभी या आकस्मिक रूप से ही प्राप्त होता है। (असंगठित सेक्टर)

उदाहरण → गीग वर्कर्स
→ मजदूरी (दिहाड़ी)

0.5(Zero½)
(Q.30)

31. 'Culture of Poverty

निर्धनता की संस्कृति

→ सांस्कृतिक परिवेश में, पवित्रता व अपवित्रता के विचारों के कारण एक वर्ग सदैव गरीब रहता है, अर्थात् वह गरीबों वाले कार्य करता है।

उदा → दलित

0 (Zero)
(Q.31)

32. Demerits of Dowry System

दहेज प्रथा के दोष/कमियाँ

① सामाजिक – समाज में विकृतता, विवाह के महत्व को कम करता
② लैंगिक – महिलाओं के प्रति अपराध, वस्तुकरण, मृत्यु व हत्याएँ
③ आर्थिक – परिवार पर बोझ, महिला शिक्षा व विकास में बाधा
④ सांस्कृतिक व पारिवारिक मूल्यों का विखण्डन।

1.5(One½)
(Q.32)

## Unit – III (Section – A)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

33. How Caste system represents segmental division of society ?
किस प्रकार जाति व्यवस्था समाज के खण्डात्मक विभाजन को प्रस्तुत करती है ?

2.5(Two½) (Q.33)

जीएस घुरिये (कास्ट एण्ड रिलिजन इन इण्डिया - पुस्तक) ने जाति को खण्डात्मक विभाजन आधार माना है, जिसके घटक -
① निर्योग्यताएँ - जाति निर्योग्यता स्थापित कर समाज को अलग रखती है।
② विवाह - अन्तर्जातीय विवाह (रिजले आदि) को ही मान्यता।
③ खानपान व प्रतिबंधित पेशा है जो केवल जाति विशेष हेतु ही मान्य है। ④ कार्य विशिष्टीकरण अवधारणा।
⑤ माना सिद्धांत (हट्टन द्वारा) अन्य जातियों से स्वयं को अलग रखना ⑥ व्यवहारगत - जाति ने उपजाति, बिरादरी तथा प्रभुजाति आदि संकल्पनाएँ प्रस्तुत की है।

34. Present the socio-economic profile of Garasia Tribe.
गरासिया जनजाति की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल (रूपरेखा) प्रस्तुत कीजिए।

| सामाजिक | आर्थिक |
| --- | --- |
| वर्ग - मोटी नियात, नेनकी नियात, निचली नियात (त्रिस्तरीय प्रणाली) | मुख्य व्यवसाय - गोंद, वन उत्पाद तथा कृषि (झूमिंग व वालरा कृषि) |
| पंचायत का सर्वाधिक महत्व, गोदना पसन्द (पुरुष व महिला दोनों) | > कुछ गरासिया मजदूर तथा मालिकों के अधीन। |
| हेरू, होलुरू आदि प्रभावी है। | > आर्थिक स्थिति खराब |
| जनसंख्या - तृतीय सर्वाधिक | शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण की कमी। |
| पितृसत्तात्मक समाज | |
| तेजाजी - प्रमुख देवता | |

3(Three) (Q.34)

Unit – III (Section – B) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

35. What do you mean by the 'depth' of product portfolio ?

उत्पाद पोर्टफोलियो की 'गहराई' से आपका क्या तात्पर्य है ?

उत्पाद स्वयं को जिस कुशलता व आसानी से बाजार में उपलब्ध करवाता है, गहराई है।

उदाहरण (1) शैम्पू के ~~छोटे~~ पाऊच मिलना।

(2) परफ्यूम की छोटी बोतलें (वेलावीटा)

0.25(Zero¼)
(Q.35)

36. Who propounded the theory of 'Irrelevance of Capital Structure' ? Write one key assumption of the theory.

'पूँजी संरचना की अप्रासंगिकता' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ? सिद्धान्त की एक प्रमुख अवधारणा लिखिए ।

(1) डेविड × डुरण्ड

(2) सिद्धान्तानुसार, स्वामी व ऋण की पूंजी का कोई सम्बन्ध नहीं होता तथा स्वामी × को संगठन में अधिकाधिक स्वयं का प्रभुत्व रखने हेतु स्वामी व समता अंश पूंजियों को बढ़ावा देना चाहिए। ×

0 (Zero)
(Q.36)

37. List four leadership behaviours under 'Path Goal Theory of Leadership'.

'नेतृत्व के पथ लक्ष्य सिद्धान्त' के अंतर्गत चार नेतृत्व व्यवहारों की सूची बनाएँ।

→ नेतृत्व के तहत, यह सिद्धान्त निम्नलिखित व्यवहार मानता है -

① अनुसरण ② प्रक्षेपण / प्रत्यक्षण

③ अनुयायी ④ नेतृत्वकर्ता का व्यवहार

⑤ उसकी उपलब्धियाँ

0 (Zero) (Q.37)

38. List two criteria (as per SEBI) for qualifying as an 'Angel Investor' in India.

भारत में 'एंजेल निवेशक' के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए दो मापदंड (सेबी के अनुसार) सूचीबद्ध करें।

① 1 मिलियन डॉलर से कम निवेश करे।

② शुद्ध निवेश के एकल निवेशक हों।

③ सेबी के निर्देशों का पालन करते हो।

④ स्टार्टअप के प्रारंभ / स्थापना में पूँजी सहायता करे।

0 (Zero) (Q.38)

39. Expand 'MICE'.

'MICE' का विस्तार करें।

यह तकनीक, प्राथमिक उपचार की एक विधि है।

M

I - ICE, बर्फ लगाना

C - compression - दबाव

E - Elevation - उठाव

0 (Zero) (Q.39)

## Unit – III (Section – B)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

40. Who proposed Three-Needs Theory ? List and explain in brief those three needs.
त्रि–आवश्यकता सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ? उन तीन आवश्यकताओं की सूची बनाकर संक्षेप में बताएँ।

विलियम आऊची (जापानी कंपनी पर शोध) द्वारा प्रतिपादित।

① Mutual – कामगार व नियोकता के मध्य सदैव सकारात्मक सम्बन्ध हो।

② विकास – सदैव कामगार का विकास

③ काम लो और निकालो के स्थान पर, काम लो और विकास करो का सिद्धान्त

x यह त्रि-घटक कामगार को सदैव प्रोत्साहित करते है।

अन्य – सामाजिक सुरक्षा, शारीरिक सुरक्षा, आत्म-सम्मान

0 (Zero)
(Q.40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखे

41. What are various types of NBFCs as per Reserve Bank of India (RBI) ?

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के अनुसार विभिन्न प्रकार की NBFC क्या हैं ?

परिचय :- कंपनी Act, 2013 तथा बैंक विनियमन अधिनियम द्वारा संचालित वे वित्तीय संरचनाएँ जो आवश्यक ~~माम~~ आधारित जमा स्वीकार करती है, NBFC है।

① Type-1 / टाइप-वन - ऐसी NBFCs जो उपभोक्ता के साथ सीधे सम्बन्ध स्थापित ? नहीं करती तथा विभिन्न सेवाएँ ऑनलाइन आदि माध्यम से प्रदान करती है। (पेटीएम)

② Type-2 / टाइप-टू - यह NBFCs उपभोक्ता के साथ सीधे सम्बन्ध स्थापित ? करती है, स्वयं के स्थान खोलती है, उपभोक्ताओं को कार्ड तथा अन्य सेवाएँ प्रदान करती है।

उदाहरण - ✗ एयू फाइनेंस बैंक (AU), मुथुट फाइनेंस ✗

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

0 (Zero)
(Q.41)

Unit – III (Section – C) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

42. Give any four objectives of Auditing.

अंकेक्षण के कोई चार उद्देश्य दीजिए।

प्राथमिक - लेखा युक्त वित्तीय विवरणों की सत्यता, पूर्णता व विश्वसनीयता की जाँच करना।

द्वितीयक - ① स्वामी को संस्था की वास्तविक स्थिति बताना। ② त्रुटि व गबन का पता लगाना ③ आपूर्तिकर्ता हेतु प्रमाण स्थापित

0.75(Zero¾) (Q.42)

43. Write down any four duties of Comptroller and Auditor General of India.

भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक के कोई चार कर्तव्य लिखिए।

① केन्द्र तथा राज्य के विभागों व मंत्रालयों का अंकेक्षक

② त्रुटि, गबन के स्थान पर निष्पादन अंकेक्षक करना।

③ दक्षता अंकेक्षण द्वारा वांछनीय लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रोत्साहन

④ PSUs; तथा राज्यपाल अनुरोध पर निजी क्षेत्रक का अंकेक्षण

⑤ लेखा ~~हेतु~~ अंकेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति।

0.75(Zero¾) (Q.43)

44. Write down elements of Auditing as per definition given by International Auditing & Assurance Standards Board (IAASB).
अन्तर्राष्ट्रीय अंकेक्षण तथा आश्वासन मानक मण्डल (IAASB) द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार अंकेक्षण के तत्त्व लिखिए।

अंकेक्षण के तहत विश्वसनीय तथा पेशेवर अंकित द्वारा संस्था के वित्तीय विवरणों की सत्यता, विश्वसनीयता तथा पूर्णता की जाँच की जाती है।
त्रुटि, गबन, कपट आदि का पता लगाया जाता है।

0.25(Zero¼)
(Q.44)

45. Write down any four essential features of Zero Based Budgeting.
शून्य आधार बजटन की कोई चार मूलभूत विशेषताएँ लिखिये।

① बजट आधार को शून्य माना जाता है।
② बजट आवंटन का आधार/औचित्य जानना।
③ योजनागत कुशलता व दक्षता प्राप्त करना।
④ बजटीय व्यवस्था में वृद्धि ⑤

0.5(Zero½)
(Q.45)

46. Write any two objectives of performance budgeting as recommended by Administrative Reforms Commission.
प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार निष्पादन बजटन के कोई दो उद्देश्य लिखिये।

① संगठन/विभाग को प्रदान किए गए लक्ष्यों व परिणामों में अंतर के आधार पर बजट आवंटन।
② बजट आवंटन में निष्पादित लक्ष्यों की भूमिका अधिक।
③ मितव्ययता ④ कुशलता ⑤ प्रभावशीलता की जाँच।

0.75(Zero¾)
(Q.46)

Unit – III (Section – C)

Part – B

Marks : 10

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

47. Write down any five techniques of financial statements analysis.

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की कोई पाँच तकनीकें लिखिये।

① परम्परागत

① रोकड़ प्रवाह विश्लेषण - रोकड़ आवक व रोकड़ जावक आधार पर लोचशीलता निर्धारण

② कोष प्रवाह विश्लेषण - कोष उपयोग व कोष साधन आधार पर लाभार्जन क्षमता का विश्लेषण।

आधुनिक - ① प्रवृत्ति विश्लेषण - विभिन्न आँकड़ों को प्रतिशत में प्रवर्तित कर आधार आँकड़े से विश्लेषण। (उदा) - जनगणना वृद्धि

② समविच्छेद बिन्दु - संस्था के विक्रय मूल्य से पूर्ण लागत खर्च निकल जाते है। उस इस बिंदु पश्चात लाभ होता है। इसकी विवरण। ④ ③ अनुपात विश्लेषण - वित्तीय समंकों ~~के~~ में गणितीय संबंध स्थापित करना। Ex - ~~लाभार्जन~~, ~~व~~ प्रवता विश्लेषण

5(Five)
(Q.47)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. Give journal entries for the following transactions without narration :
(1) Goods sold to B for ₹ 20,000 in cash and ₹ 10,000 on credit.
(2) Goods returned by B for ₹ 5,000.
(3) Withdrew goods of ₹ 5,000 for personal use.
(4) Furniture purchased for office purpose worth ₹ 30,000.
(5) Goods worth ₹ 5,000 burnt by fire.

निम्नांकित व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ बिना विवरण के दीजिये :
(1) बी को ₹ 20,000 का माल नगद व ₹ 10,000 का उधार बेचा ।
(2) बी द्वारा ₹ 5,000 का माल लौटाया गया ।
(3) ₹ 5,000 का माल व्यक्तिगत उपयोग के लिए निकाला गया ।
(4) ऑफिस कार्य के लिए ₹ 30,000 मूल्य का फर्नीचर खरीदा ।
(5) ₹ 5,000 मूल्य का माल आग से नष्ट हो गया ।

नामे जमा
20,0000 10,000
5000

0 (Zero) (Q.48(i))
0 (Zero) (Q.48(ii))
0 (Zero) (Q.48(iii))
0 (Zero) (Q.48(iv))
0 (Zero) (Q.48(v))

SPACE FOR ROUGH WORK


अपने सपनों को करे साकार
Physical Success Academy
प्रथम वर्ष में ही रचा इतिहास 2021 राजस्थान उपनिरीक्षक भर्ती
(RAJ-SI) में कुल 271 अभ्यर्थियों में से 154 विद्यार्थी
154 विद्यार्थी Physical Qualify, 51 विद्यार्थी साक्षात्कार के लिये पात्र घोषित
निर्देशक :
सुशील चौधरी (Coach)
(RAJ-SI) में कुल 271 अभ्यर्थियों में से
154 विद्यार्थी
Physical Qualify, 51 विद्यार्थी साक्षात्कार के लिये पात्र घोषित
विशेषताएं
1 National Coaches द्वारा Physical की तैयारी।
2 पुलिस अधिकारिरों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन।
3 अभ्यर्थियों की नियमित मैडिकल जॉच।
4 उत्तम रनिंग ट्रेक।
नोट : राजस्थान PSI 2026 के
नये बैच में प्रवेश प्रारम्भ।
हम तैयार करते हैं सपनों को हकीकत में
महेंद्र चौधरी
रेखा वैंचा
आयु चौधरी
अरण्णा जाटू
कविता जाटू
मुकेश सैंवला
आयु चौधरी
ममता चौधरी
सुनीता चौधरी
प्रनीत चौधरी
विनोद प्रधान
प्रीति चौधरी
सोमराज विश्नोई
हरिराज गुर्जर
सविन शर्मा
सुरेश विश्नोई
दिनेश विश्नोई
प्रयाम लाल
नलिनी
मिरिशा परिहार
विजयपाल विश्नोई
सुमन चौधरी
प्रताप चौधरी
नरेश पाटीदार
सीमा कुमारी
मंजु मीणा
जितेंन्द्र सिंह
प्रकाश विश्नोई
सोनाली कदया
हनेनाव मीणा
सुरेश चौधरी
सुरेश चौधरी
विजेन्द्र चौधरी
कुशाल सिंह मीणा
दिनेश चौधरी
दिमेन्स चोलदी
इमरान अली
आयु प्रजापति
सतपाल
पंकज सिंह चौधरी
अनिवना
ओमप्रकाश विश्नोई
दयालाल पाटीदार
अंजू चौधरी
युमन वर्मा
विपाल चौधरी
विपाल चौधरी
नीदु साहनी
मेरट सिंह चारण
मेववा
अभिमा चौधरी
मुनेश साहनी
प्रियदर्शनी
सुधमा चौधरी
Ground Add.: VT Road, Mansarovar, Jaipur (Raj.)
+91 9875181920
DISCIPLINE • DEDICATION • SUCCESS

अपने सपनों को करे साकार



# PHYSICAL SUCCESS ACADEMY



प्रथम वर्ष में ही रचा इतिहास **2021** राजस्थान उपनिरीक्षक भर्ती

(RAJ-SI) में कुल **271** अभ्यर्थियों में से

**154** विद्यार्थी

Physical Qualify, **51** विद्यार्थी साक्षात्कार के लिये पात्र घोषित

निदेशक : **सुशील चौधरी** (Coach)

## ☆ विशेषताएं

1. National Coaches द्वारा Physical की तैयारी।
2. पुलिस अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन।
3. अभ्यर्थियों की नियमित मेडिकल जाँच।
4. उत्तम रनिंग ट्रेक।

हम तैयार करते हैं सपनों को हकीकत में

राजस्थान PSI 2026 के

नये बैच में प्रवेश प्रारम्भ।



फिजिकल ट्रेनिंग



100 Mtr Running



Shotput



Long Jump



Chinup

DISCIPLINE DEDICATION SUCCESS



Rajasthan Sub Inspector Physical Batch 2021

**अनुभवी कोच** राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की टीम

**नियमित मेडिकल** अभ्यर्थियों की नियमित मेडिकल जाँचा

**उत्तम सुविधाएं** बेहतर ग्राउंड, उपकरण और प्रशिक्षण वातावरण

**व्यक्तिगत मार्गदर्शन** हर विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान

Ground Add.: VT Road, Mansarovar, Jaipur (Raj.)

+91 9875181920